जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट (उत्तरकाशी)

बड़कोट (उत्तरकाशी)
कौशलम

राजकीय इण्टर कॉलेज फोल्ड
ब्लॉक डुण्डा, जिला उत्तरकाशी
कौशलम् कार्यक्रम 2025-26
HIMALAYAN KOSH
SEABUCKTHORN
NOURISHING TODAY FOR A BETTER TOMORROW
UDYAM REGISTERED
People
Planet
SEA BUCKTHORN

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट (उत्तरकाशी)
उत्तराखण्ड शासन
BET ON YOURSELF
कौशल से सशक्त भविष्य
कौशलम
जनपद स्तरीय एक्सपो
हार्दिक स्वागत एवं
भविष्य की ओर एक कदम
04 मई 2026

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट (उत्तरकाशी)

इण्टर कॉलेज
राजगढ़ी
विकास खण्ड-नौगांव, उत्तरकाशी
Profit
Planet
People

डायट में हुआ जनपद स्तरीय कौशलम् एक्सपो 2026 का आयोजन

बड़कोट /उत्तरकाशी(बद्री विशाल)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बड़कोट उत्तरकाशी में आज सोमवार को जनपद स्तरीय कौशलम् एक्सपो 2026 का आयोजन किया गया इस आयोजन में जनपद के विभिन्न विकासखंडों से कुल 10 टीमों ने प्रतिभाग किया प्रतिभागिता करने वाली टीमों द्वारा कौशलम कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न स्थानीय उत्पादों को निर्मित किया गया था,उनकी बाजार सुलभ पैकेजिंग की गई थी, संस्थान स्तर पर इन उत्पादों के विभिन्न स्टॉल लगाए गए थे निर्णायकों द्वारा समस्त स्टॉल का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा प्रतिभागियों के उत्पादों को जांचा एवं परखा गया एवं उसके अनुरूप निर्णय किया गया, आज

के इस कार्यक्रम में राजकीय इंटर कॉलेज फोल्ड विकासखंड डुंडा ने प्रथम, राजकीय इंटर कॉलेज मुस्टिक सौड़ ने द्वितीय एवं राजकीय इंटर कॉलेज कामदा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य संजीव जोशी द्वारा प्रतिभागियों को कौशलम् के उद्देश्य से अवगत कराया गया साथ ही बच्चों में उद्यमशील मानसिकता के विकास पर जोर दिया गया, कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उद्यम शाला परियोजना से निर्णायक के रूप में श्री अजय पंवार उपस्थित रहे, इस कार्यक्रम का समन्वयन अरविंद सिंह चौहान द्वारा किया गया इस अवसर पर संस्थान के प्रवक्ता डॉक्टर सुबोध सिंह बिष्ट, संगीता कोठारी, शांति रतूड़ी, सुषमा महर, टीकाराम रावत, बृजेश मिश्रा, ऋचा उनियाल, गोपाल राणा उपस्थिति रहे।

स्थानीय उत्पादों की झलकी में दिखी उद्यमशीलता की नई सोच

सरल एक्सप्रेस संवाददाता

उत्तरकाशी। बड़कोट। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) बड़कोट, उत्तरकाशी में सोमवार को जनपद स्तरीय कौशलम् एक्सपो 2026 का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न

विकासखंडों से कुल 10 टीमों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। एक्सपो में प्रतिभागी टीमों द्वारा कौशलम् कार्यक्रम के अंतर्गत तैयार किए गए स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। इन उत्पादों को आकर्षक एवं बाजार सुलभ पैकेजिंग के साथ प्रस्तुत किया गया, जिससे बच्चों की रचनात्मकता और व्यावसायिक समझ साफ झलकती नजर आई। संस्थान परिसर में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निर्णायक मंडल द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया और उत्पादों की गुणवत्ता, नवाचार एवं प्रस्तुति के आधार पर मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कॉलेज फोल्ड (विकासखंड डुंडा) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि राजकीय इंटर कॉलेज मुस्टिक सौड़ द्वितीय और राजकीय इंटर कॉलेज कामदा तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य संजीव जोशी ने प्रतिभागियों को कौशलम् कार्यक्रम के उद्देश्य से अवगत कराते हुए विद्यार्थियों में उद्यमशील मानसिकता विकसित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उद्यम शाला परियोजना से निर्णायक के रूप में अजय पंवार उपस्थित रहे। पूरे आयोजन का सफल समन्वयन श्री अरविंद सिंह चौहान द्वारा किया गया। इस दौरान संस्थान के प्रवक्ता एवं स्टाफ डॉ. सुबोध सिंह बिष्ट, संगीता कोठारी, शांति रतूड़ी, सुषमा महर, टीकाराम रावत, बृजेश मिश्रा, ऋचा उनियाल एवं गोपाल राणा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।